प्रेसनोट, दिनांक 10.02.2026

थाना दही, जनपद उन्नाव

“आपरेशन मुस्कान”

08 घण्टे में गुमशुदा बच्चे को उसके परिजनों से मिलवाया

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम थाना दही पुलिस द्वारा गुमशुदा बच्चे को 08 घण्टे में उसके परिजनों से मिलवाया गया।

संक्षिप्त विवरण- दिनांक 09.02.2026 को समय करीब 09.45 बज रात्रि मे पीआरवी 6118 को सूचना मिली की थाना क्षेत्र के ग्राम अलगनगढ पास एक अज्ञात बच्चा उम्र लगभग 11 वर्ष मिला है। प्राप्त सूचना पर थाना दही पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर उक्त बच्चे को थाना दही लाया गया । पूछने पर बच्चे ने अपना नाम राहुल कुमार पुत्र महेश निवासी पुरुवाखेडा चौकी कोरिया थाना सेन पश्चिमी पारा कानपुर नगर बताया । जिसकी सूचना कन्ट्रोल रुम उन्नाव व चिल्ड्रेन हेल्पलाइन पर देकर बच्चे के माता पिता की जानकारी हेतु टीम गठित की गयी तथा थाना दही पुलिस द्वारा अपने अथक प्रयास व सी-प्लान ऐप के माध्यम से गुमशुदा बच्चे के पिता महेश कुमार व माता सावित्री देवी को मात्र 08 घंटे में आज दिनांक 10.02.2026 को सकुशल सुपुर्द किया गया । गुमशुदा बच्चो के माता- पिता व परिजनो द्वारा थाना दही पुलिस की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद व्यक्त किया गया ।

बरामद करने वाली पुलिस टीम-

प्रभारी निरीक्षक श्री ज्ञानेन्द्र सिह

उ0नि0 श्री शिवपाल सिह

का0 रोहित कुमार

का0 सुनील कुमार